न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी श्री अजीत सिंह राठौड (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 45/2023

उनवान

1. श्रीमती कमली पत्नि देवी रेगर नि0 ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
2. रतनी पुत्री देवी रेगर नि0 ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
3. श्री रामलाल पिता देवी रेगर नि0 ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।

---प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री नारायण पिता नगजी रेगर नि0 ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
2. श्री लादू पिता नगजी रेगर नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
3. श्री किशन पिता परथु रेगर नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
4. श्रीमती ककली पत्नि परथु रेगर नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
5. श्री देवी पिता कजोड नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
6. जानु पुत्र भूरा रेगर नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
7. श्री गोकल पिता धूला रेगर नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
8. श्री हीरा पिता गोकल रेगर नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
9. रतनी पत्नि लक्ष्मण रेगर नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
10. श्री बंशी पिता गागा सालवी नि. ओज्याडा तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा।
11. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)

----अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 12.05.2023

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 27.03.2023 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम ओज्याडा प.ह. ओज्याडा भू0अ0नि0 हमीरगढ तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की कृषि भूमि की खाता संख्या 641 की आ.न. 1742/2 रकबा 0.0506है0, आ.न. 1743 रकबा 0.2150है0, कुल किता 02 रकबा 0.2656है0, खाता संख्या 640 आ.न. 1766/2 रकबा 0.1012 है0, आ.न. 1876/4 रकबा 0.2529है0, आ.न. 1877 रकबा 0.1897 है0, आ.न. 1878 रकबा 0.0506 है0, आ.न. 1880/1 रकबा 0.2529है0, आ.न. 1881 रकबा 0.1391है0, आ.न. 1882/2 रकबा 0.1265है0, कुल किता 07 रकबा 1.1129है0, एवं खात संख्या 639 की आ.न. 1731/1 रकबा 0.0759है0 कुल किता 01 कुल रकबा 0.0759है0भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडासी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 06.04.2023 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 से 10 बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली मे उपलब्ध रेकार्ड का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यों को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

–::आदेश::–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि ग्राम ओज्याडा प.ह. ओज्याडा भू0अ0नि0 हमीरगढ तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की कृषि भूमि की खाता संख्या 641 की आ.न. 1742/2 रकबा 0.0506है0, आ.न. 1743 रकबा 0.2150है0, कुल किता 02 रकबा 0.2656है0, खाता संख्या 640 आ.न. 1766/2 रकबा 0.1012 है0, आ.न. 1876/4 रकबा 0.2529है0, आ.न. 1877 रकबा 0.1897 है0, आ.न. 1878 रकबा 0.0506 है0, आ.न. 1880/1 रकबा 0.2529है0, आ.न. 1881 रकबा 0.1391है0, आ.न. 1882/2 रकबा 0.1265है0, कुल किता 07 रकबा 1.1129है0, एवं खात संख्या 639 की आ.न. 1731/1 रकबा 0.0759है0 कुल किता 01 कुल रकबा 0.0759है0भूमि स्थित है।

जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 600/—पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 12.05.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दपतर रहे।

(अजीत सिंह राठौड)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ